दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 306 मुरादाबाद 06 March 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ




## उत्तर प्रदेश के विकास के लिए भाजपा का दोबारा सत्ता में आना जरूरी: योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार का दोबारा आना जरूरी है। जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर दुद्धी विधान सभा क्षेत्र के दुद्धी बाजार में आयोजित एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यदि प्रदेश और क्षेत्र का विकास कराना है तो प्रदेश में भाजपा की सरकार बनवाएं। पिछले पांच वर्षों में जनता ने प्रदेश में बड़ा परिवर्तन देखा है। 2017 के पहले बिजली के दर्शन दुर्लभ थे जबकि आज बिजली कोई मुद्दा ही नहीं है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कोरोना का फ्री टेस्ट, फ्री उपचार और फ्री वैक्सीन की व्यवस्था की गई। अगर सपा, बीएसपी की सरकार होती तो सारी चीजें ब्लैक हो जातीं और पैसा उनके गुर्गों की जेब में चला जाता। कोरोना कालखंड में गरीबों को महीने में दो बार राशन, तेल सहित अन्य वस्तुएं मिल रही हैं यदि सपा या बसपा की सरकार होती तो आदिवासियों, वनवासियों, गिरिवासियों और गरीबों का राशन स्वयं खा जाते। एसपी के गुंडे लूट लेते और बीएसपी के तो हाथी का हाई पेट इतना बड़ा है कि खा जाता। योगी ने कहा कि अभी तो शुरुआत है, इस बार सरकार आने पर उज्ज्वला योजना में गरीबों को होली, दिवाली पर फ्री सिलेंडर दिया जाएगा। 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं के लिए बसों में यात्रा फ्री की जाएगी। किसानों को सिंचाई के लिए पानी फ्री मिलेगा। बेटियों की पढ़ाई के लिए दी जाने वाली राशि को 15000 से बढ़कर 25000 रुपये किया जाएगा। गरीबों की बेटियों के विवाह के लिए निर्धारित राशि को 50,000 से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा। पिछले पांच सालों में पांच लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और दो करोड़ को स्वरोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। आने वाले पांच साल में हर घर के एक युवक को नौकरी अथवा स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। पेयजल संकट की चर्चा करते हुए हर घर नल योजना के तहत सभी घरों को शुद्ध आर ओ का पानी पहुँचाने की बात कही। स्वास्थ्य सुविधा के लिए सोनभद्र में मेडिकल कालेज अतिशीघ्र बनकर तैयार हो जाएगा। इसी क्रम में हर अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ो को घर व शौचालय आदि उपलब्ध कराया जाएगा। सीएम ने कहा कि माफिया और गुंडों के विरुद्ध उनका बुलडोजर चलता रहेगा कोई भी माफिया किसी गरीब और कमजोर की जमीन पर कब्जा नहीं कर पाएगा। दुद्धी विधानसभा क्षेत्र आदिवासी और गिरिवासी बाहुल्य होने के कारण उन्होंने भगवान राम को आदिवासियों और गिरिवासियों द्वारा वनवास काल में सहयोग को जोड़ते हुए उन्हें भगवान राम का भक्त बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आई तो हर खेत को पानी और हर हाथ को रोजगार उपलब्ध करा सकती है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## वाराणसी में पीएम नरेन्द्र मोदी बोले-सबका साथ सबका विकास सिर्फ नारा नहीं, यह हमारा कमिटमेंट



वाराणसी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार बनारस में विधानसभा चुनाव की अंतिम सभा को संबोधित करने सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के खजुरी पहुंच रहे हैं। शनिवार को वाराणसी में अंतिम चरण के चुनाव के लिए प्रचार का अंतिम दिन है। जबकि सात मार्च को मतदान वाराणसी में होना है। वहीं खजुरी की जनसभा के लिए पीएम के आने से पहले ही लोगों का हुजूम सभास?थल पर पहुंचा। वहीं पीएम नरेन?द्र मोदी की जनसभा के दौरान मंच पर जिले के सभी प्रमुख पार्टी उम?मीदवार भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री जनसभा स्थल पर दोपहर 1.30 बजे पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंच पर चढ़ते ही विधायक नीलरत्न पटेल से उनके स्वास्थ्य का हाल पूछा। पीएम ने मंच से जनता को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर वार किया। पीएम ने सपा कांग्रेस पर वार करते हुए कहा कि घोर परिवारवादी देश हित में नहीं अपने हित में काम किया। पीएम ने कहा यहीं से 2014 का डंका बजल रहल... यह इस चुनाव की आखिरी सभा है। इस सदी में कई चुनौतियां रही हैं, सरकार उन सभी चुनौतियों से बेहतर तरीके से लड़ रही है। कहा कि मित्रों मेरी यह आखिरी सभा है। उत्तर प्रदेश ने अभी तक ऐसा चुनाव नहीं देखा होगा। जब कोई सरकार विकास, सुदृण कानून व्यवस्था देने के दम पर जनता का आशीर्वाद मांग रही हो। बांदा से लेकर बहराइच तक पूरा यूपी बिना बटे एक जुट होकर कह रहा है आएगी तो भाजपा ही, आएंगे तो योगी ही। गुंडागर्दी, भाई भतीजावाद, परिवारवाद को लोग नकार चुके हैं। जो लोग केवल अपना विकास करें और अपने परिवार का विकास करे उनका साथ दोगे क्या। यह जो कहते हैं वह करते नहीं और जो नहीं कहते वह करवाते हैं। परिवारवाद के लोगों के घोषणा पत्र में दंगा तो नहीं था। पर उन्होंने पांच साल तक दंगे ही दंगे करवाए। दफ्तरों और थानों में पांच साल भाई भतीजावाद ही चलता रहा। काशी के पुरातनता को बनाए रखते हुए आधुनिक स्वरूप देना, बिजली के तारों के जंजाल से मुक्ति, चौड़ी होती सड़कें, नए सड़क और फ्लाईओवर, 450 सौ करोड़ रुपये किसानों के खाते में पहुंचाया गया, कार्गो सेंटर, गोबर गैस प्लांट, दूध प्लांट, चावल अनुसंधान, प्राकृतिक खेती पर काम हुआ है। दस मार्च को चुनाव नतीजे आने के बाद और भी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर काम किया जायेगा। पहले कैंसर का इलाज मुंबई और दिल्ली में होता था अब काशी में हो रहा है। यही तो विकास है। इससे पूर्वांचल के लोगों में विश्वास बढ़ा है। 21 वीं सदी देश के लिए कुछ चुनौतियां लेकर आया है। इसमें हम अवसर खोजेंगे। आज पंचायत के चुनाव में लोग वोट देते हैं तब लोग विकास के नाम पर वोट देते हैं। तो फिर यह तो विधानसभा का चुनाव है। भारत के लोग जब संकट से जूझते हैं तब परिवारवाद के लोग उसमें मदद के बजाए और उनको संकट में डालता है। यह हमने कोरोना के समय भी देखा। और आज यूक्रेन संकट के समय में भी देख रहा हूं। नकारात्मकता इनकी विचार धारा बन गयी है। देश का खजाना भले ही खाली हो जाए लेकिन गरीबों की रसोई का चूल्हा हमेशा जलता रहे। देश की आजादी के बाद लगातार दो साल तक गरीबों को मुफ्त राशन दिया गया। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। हमें उन गरीबों का आशीर्वाद मिलता रहा है। भाईयों बहनों आप सबने टीका लगवाया क्या। क्या आपको कहीं पैसा देना पड़ा। जब नहीं तब भी परिवारवाद के लोगों के मुंह से कभी एक सही शब्द निकला क्या। हमने दस करोड़ शौचालय बनवाया। हमें उन माताओं-बहनों का आशीर्वाद मिला है। उन माताओं-बहनों ने उसे इज्जत घर का नाम दिया है। पहले उनको शौच जाने के लिए सूरज उगने से पहले और सूरज ढलने का इंतजार करना पड़ता था। हमने उनकी कठिनाइयों को समझा और घर-घर शौचालय बनवाया। अब बताओ जरा जब स्वच्छता बढ़ेगी तब गरीबों के बच्चे बीमार नहीं पड़ेंगे, तब गरीबों का पैसा बचेगा।

आज देश ही नहीं विदेश में भी लंगड़ा आम से लेकर खादी तक का प्रचार हो रहा है। लोकल फार वोकल हो, क?या बनारसी साड़ी, मैं जहां-जहां जाऊं और बनारसी लंगड़ा आम के गीत गाऊं तो किसानों को फायदा होगा की नहीं? बनारसी खिलौने का प्रचार प्रसार करुं तो उन गरीबों की आय बढ़ेगी की नहीं। क्या यह गलत काम है। लेकिन हमारे विरोधी कभी इसका नाम नहीं लेते। आज दुनियाभर में योग और आयुष की धूम है। लेकिन हमारे विरोधी योग का भी विरोध करते हैं। कारण की आप योग करोगे तो निरोग रहोगे। तब मोदी- मोदी गाओगे। एक समय में खादी कांग्रेस की पहचान हुआ करती थी। मैं केवल बनारस मंडल की बात करूं तो 170 करोड़ रुपये की आय खादी को हुई है। इससे कितनों गरीब माताओं- बहनों की आय बढ़ी है।

आपके घर-परिवार में किसी का जन्मदिन हो तो उत्सव मनाते हैं कि नहीं तो हमने देश की आजादी का जन्मदिन मनाया। जिसे आजादी का अमृत महोत्सव का नाम दिया। लेकिन विपक्ष के लोग कभी इसका नाम नहीं लिए। यूपी के लोग छह चरणों में विपक्ष को नकारते हुए भाजपा को समर्थन किया है। उसके लिए मैं एडवांस में धन्यवाद देने यहां आया हूं। माताओं-बहनों के अस्मिता की सुरक्षा हमारा जीवन है। कल जब मैं अपने जनता का दर्शन करने काशी की सड़क पर निकला तो उसमें भी माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अपना दल के लिए वोट मांगना मेरा भी हक है। अनुप्रिया जी से तो परिचय बाद में हुआ। सोनेलाल पटेल जी से पुराना संबंध है। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया है। आज हमें उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का अवसर मिला है। जिसे हम करेंगे।

# श्री मद भागवत कथा का अमृत पान करते श्रोता गण




अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा-शहर में आज 5 मार्च दिन शनिवार को मढ़िया नाका महामाई मंदिर के पास हो रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित श्री ज्ञानेंद्र मिश्र ने द्वितीय दिवस की कथा में भागवत महात्मय का प्रसंग आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि भागवत ही भगवान है।

भागवत भगवान का अक्षरावतार है। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में पांडवों के वंशावली का सुन्दर वर्णन किया। व्यास ने अपने व्याख्यान में बताया कि जैसा खाओगे अन्न, वैसा ही होगा मन, कथा को आगे बढ़ाते हुए युधिष्ठिर द्वारा प्रश्न प्रसंग का भी सुंदर वर्णन किया।हमेशा मधुर मीठा बोलो, वाणी के सुर सुधार लो, जिस तरह कौवा दिन भर कांय कांय करता है लेकिन कोई नहीं सुनता लेकिन जब कोयल बोलती है तो सब ध्यान से सुनते हैं इसी लिए कोयल बनो कौवा नहीं। जीव का कल्याण भगवत भजन से होगा क्योंकि जीव का जन्म प्रभु की भक्ति के लिए हुआ है, प्रभु का भजन ही जीवन पार करता है।बिना भजन के जीवन पशु के समान होता है। अगर कल्याण चाहते है तो जन्म मरण के चक्कर से बचना चाहते हैं तो हरी का भजन ही सार है बांकी सब बेकार है। कथा के मुख्य यजमान श्रीमती भूरी देवी, कल्लू प्रसाद गुप्ता एवं रानी देवी है साथ ही व्यवस्था मनीराम गुप्ता व उनके परिवार द्वारा की गई।

# जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा मानसिक जागरूकता एवं स्क्रीनिंग से संबंधित शिविर आयोजित किया गया

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बांदा-मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देश द्वारा सत्यनारायण इंटर कॉलेज तिंदवारी में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा मानसिक जागरूकता एवं स्क्रीनिंग से संबंधित शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मनोरोग चिकित्सक डॉ0 हरदयाल ने बच्चों को किसी भी दुरव्यसन से बचने की सलाह दी उन्होंने बताया कि मानसिक रोग किसी को भी किसी भी उम्र में हो सकता है। उसके लिए परिवारिक सामाजिक समन्वय बनाकर चलना बड़े बुजुर्गों के सुविचार सुनना उनका अनुकरण करना सबसे श्रेष्ठ है । क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डा0 रिजवाना हाशमी ने बच्चों को पढ़ने के पहले अध्यापकों द्वारा विषय को अच्छी तरह समझ लेना हितकारी बताया और उन्हें बताया कि बच्चों को विषय तैयार होता है किंतु परीक्षा में लिख नहीं पाते या अध्यापकों के सामने बता नहीं पाते उसके लिए उन्हें अध्यापकों के साथ तारतम्यता बनाए रखनी चाहिए व जो समझ में ना आए वह अध्यापकों से लगातार पूछना चाहिए ।अधिकारी नरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि कोविड-19 के चलते विद्यार्थियों की शिक्षा बाधित रही है अब विद्यार्थियों को समय सारणी बनाकर और प्रत्येक विषय को समझ कर लिखना और याद करना अति आवश्यक है इसके अलावा प्रातः उठकर अनुलोम विलोम,कपालभाति भ्रामरी प्राणायाम अवश्य करें साथ ही बच्चों को योग एवं प्राणायाम की क्रियाएं भी कराई ।साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने बताया कि गुटखा पान तमाखू सिगरेट आदि का सेवन फेफड़ों को जल्दी ही कमजोर कर देता है मुंह का कैंसर आदि रोग उत्पन्न करता है एवं मानसिक रूप से कमजोर कर देता है। शिक्षक विशंभर दीक्षित ने बताया कि बच्चों को प्रतिदिन अपनी-अपनी हिंदी कविता का भी पाठ अवश्य करना चाहिए। इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0अवधेश कुमार ने जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। टीम द्वारा बच्चों से प्रश्न पूछ कर बच्चों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया


# दो भाइयों के हत्यारोपित कचौड़ी विक्रेता को मिली जमानत

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - रेलवे रोड पर दो सगे भाइयों के बहुचर्चित हत्याकांड में आरोपित कचौड़ी विक्रेता सुरेश कुमार की हाईकोर्ट से जमानत मंजूर हो गई। सुरेश करीब पांच साल से जेल में है। इस मामले की सुनवाई एडीजे-16 की अदालत में चल रही है, जिसमें गवाह भी मुकर चुके हैं। इसी आधार पर हाईकोर्ट में सुरेश ने जमानत के लिए आवेदन किया था। इसे मंजूर कर आरोपित को जमानत दे दी है। सोमवार तक कचौड़ी विक्रेता की रिहाई हो सकती है।



## सड़क दुर्घटना में दो की मौत वा दो लोग घायल हुए



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- जनपद के मटोध थाने से चंद्र कदमों की दूरी पर खड्डी तिगेले में खड़े लोगो पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगो को मौत हो गई वा दो अन्य लोग घायल हो गए ।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को 108,की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एक फरवरी से गुम हुई युवती ने आज पुलिस अधीक्षक बांदा कार्यालय पहुंच आप बीती बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बांदा-अतर्रा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने आज शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आकर प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती एक फरवरी को वह अपने पति एवं अपने 2 वर्ष की बच्ची के साथ मे अपने मायके जा रही थी जो चित्रकूट जिले में है फतेहगंज तिराहा के पास सुनील उर्फ छोटु पुत्र बलखण्डी,सुशील पुत्र बलखण्डी जो कि दोनों सगे भाई हैं तथा उसके मायके के होने की वजह से परिचित हैं । पीड़िता ने बताया कि उसके फोन पर सुशील ने फोन कर बात किया तो वह किनारे खड़े होकर बात करने लगी तो उसका पति आगे चला गया।इतने में पीछे से सुनील उर्फ छोटु तथा उसका भाई सुशील एक चार पहिया गाड़ी लेकर आ गए उससे पहले कुछ समझ पाते तब तक सुनील ने पीछे से उसको कोई नशीला पदार्थ कपड़े से मुंह मे दबा लिया और गाड़ी में जबरदस्ती बैठा लिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि दूसरे दिन जब होश आया तो सुनील से पूछा कि तुम मुझे कहाँ लेकर आए हो तो बताया कि यह सूरत हैं।अब तुम मेरे साथ रहोगी,बहुत कोशिश किया पर नही छोड़ा।पीड़िता ने आरोप लगाया है कि एक कमरे में बंद करके रखते थे,बाहर नही निकलने देते थे।जबरदस्ती सुनील दुष्कर्म करता था।कुछ भी कहने पर कहता था कि जान से मार देंगे,किसी को पता नही चलेगा।पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके साथ मे सुनील ने लगातार 25 दिनों तक दुष्कर्म किया।बहुत कोशिश करने पर 28 फरवरी को मायके के पास में छोड़कर कहा कि यदि किसी को बताया तो जान से मार दिया जाएगा और चला गया,तब किसी ने मेरे पिता को सूचना किया,मेरी माँ,पिता तथा पति आए और थाना बडोशा गई। आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही किया।पीडिता ने बताया कि जब से वह आई हैं तब से बार-बार बेहोश हो जाती हैं,उसका जीवन खतरे में है।पीड़िता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जांच करने के वाद दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# खेत में मिला मृत तेंदुआ गांव में मची खलबली

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम सूरज नगर, के मुनीमपुर मुड़िया में खेत रास्ते में मृत अवस्था में तेंदुए मिलने पर गांव में मृत तेंदुए को लेकर हुई चर्चा तहसील ठाकुरद्वारा के ग्राम स्वराज नगर मुनीमपुर मुड़िया रास्ते पर मृत्यु तेंदुए के मिलने से ग्राम वासियों को अपने गाउन के रास्ते पर तेंदुए के होने का डर सता रहा है

गांव वालों का कहना है हम खेत से दिन दोपहर श्याम खेत से चारा लाने बच्चे बड़े महिलाएं तक खेत से चारा लाती है लेकिन राह में तेंदुए का मृत अवस्था में पाए जाना ग्रामीणों के लिए दूसरे तेंदुए होने की शक की बिना पर ग्रामीणों में कब खेत पर जाते वक्त तेंदुए का सामना हो जाए इस बात का डर बना हुआ है सूरज नगर चौकी इंचार्ज न वन विभाग की टीम को सूचित कर वन विभाग की टीम मौका ए वारदात 4पर पहुंची जहां तेंदुए को मृत अवस्था में पाने पर तेंदुए की मौत का कारण, बिजली का करंट लगने की बिना बताई वन विभाग टीम के अधिकारी कर्मचारी गणों ने तेंदुए की मौत की वजह हाईटेंशन करंट तार गिरने के कारण कहीं तेंदुआ करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई टीम ने तेंदुए किंग मादा होने की बात बताई उधर ग्रामवासी खेतों तक जाने से डर रहे हैं

# ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष बने



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-अध्यक्ष नरेंद्र सिंह अब होगा, महासचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव ठाकुरद्वारा- ठाकुरद्वारा बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव प्रक्रिया में नाम वापसी के दिन तीन अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में अध्यक्ष पद के दो उम्मीदवारों द्वारा नाम वापसी करने पर नरेंद्र सिह का बार एसोसिएशन अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया था बार सभागार में वार्षिक चुनाव प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी हीरालाल अग्रवाल और सफदर अली खां ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र सिंह , प्रमोद कुमार, अशोक कुमार गहलौत उम्मीदवार थे। जिसमें शुक्रवार को अध्यक्ष पद के उम्मीदवार प्रमोद कुमार और अशोक गहलौत ने चुनाव से अपना नाम वापस कर ले लिया था जिससे नरेंद्र सिंह का बार एसोसिएशन का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया था वहीं चुनाव प्रक्रिया के दौरान महासचिव के पद के लिए मनोज कुमार पाल, शमीम अहमद कुरैशी, धर्मेंद्र कुमार ने अपने नाम वापस लिये थे जबकि वृजेंद्र सिंह , रजनीश प्रताप व मोहम्मद सलीम अहमद महासचिव पद के लिए मैदान में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नरेश कुमार चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार नायक द्वारा नामांकन पत्र वापस लेने के उपरांत मुकेश कुमार पाल और अनवारूल हक चुनावी मैदान में सह सचिव पद पर सनाउल मुस्तफा व कृष्ण पाल सिंह और सरफराज हुसैन सैफी निर्विरोध निर्वाचित हुए। पुष्पेंद्र सिह द्वारा नामाकंन पत्र वापस लिया गया। सदस्य पद पर मोहम्मद अकरम , स्वतंत्र बाबू, मोहम्मद सलमान सैफी, मुस्तफा , मोहम्मद शाकिर निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान महासचिव पद और कोषाध्यक्ष पद पर अब चुनाव 9 मार्च को होना है।

# बिलारी निवासी युवक ने ब्लड देकर बचाई 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की जान इंसानियत की मिसाल पेश की

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- शिव शंकर ब्लड सेवा वेलफेयर सोसाइटी डॉक्टर रितिक कुमार आर्य एवं युवा शक्ति ब्लड डोनर टीम ने मिलकर बचाई मुरादाबाद निवासी बुजुर्ग व्यक्ति की जान दरअसल ब्लड डोनेट कर बिलारी निवासी युवक ने 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की जान बचाई है दरअसल भर्ती मरीज को किडनी मैं दिक्कत होने को लेकर परिजनों ने कांठ रोड स्थित सिद्ध हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था वही डॉक्टर के मुताबिक भर्ती मरीज की हालत गंभीर बताते हुए परिवार से अर्जेंट ए नेगेटिव ब्लड डोनेट करने के लिए कहा लेकिन परिजनों के पास इस नाम का ब्लड डोनेट करने को नहीं मिल रहा था वहीं परिजनों ने इस यूनिट की तलाश करना शुरू कर दी लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी परिजनों को ब्लड डोनेट नहीं हो पा रहा था इस बात की जानकारी जब ग्रुप के माध्यम से संस्था को प्राप्त हुई इसके बाद शिव शंकर ब्लड सेवा वेलफेयर सोसाइटी डॉक्टर रितिक कुमार आर्य एवं युवा शक्ति ब्लड डोनर टीम के सहयोग से परिजनों को ब्लड डोनेट करा कर मुरादाबाद सिद्ध हॉस्पिटल में भर्ती बुजुर्ग व्यक्ति की जान बचाकर इंसानियत की मिसाल पेश की है दरअसल संस्था के माध्यम से बिलारी निवासी सुमित चौधरी ने बचाई बुजुर्ग व्यक्ति की जान वही इस संस्था के टीम के सदस्यों ने 12 घंटे में बिलारी निवासी सुमित भाई को सिद्ध हॉस्पिटल भेज का उन्हें ए नेगेटिव ब्लड निशुल्क दिलवाया जिसमें ऋतिक आर्य, सौरभ त्यागी, अंकुर सक्सेना, शुभम राजपुत, और पूरी टीम के सहयोग से उस व्यक्ति की मदद की गई

# शांति भंग की धारों में अलग-अलग 4 लोगों को न्यायालय मैं पेश कर चालान

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- ठाकुरद्वारा शांति भंग की धाराओं में कई व्यक्तियों को कोतवाली जांच के उपरांत पहुंचे पुलिसकर्मियों , दौरान उत्तेजित होकर पुलिस को जवाबदेही व शांति व्यवस्था को भंग देखते हुए पुलिस कर्मियों द्वारा मजबू होकर गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में कोतवाली लाया गया जहां कोर्ट न्यायालय में ने पेश किया गया जहां शांति भंग की धाराओं मैं लिफ्ट चालान कर दिया गया

# शनिवार का बाजार मैं महिलाओं की भीड़

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा-ठाकुरद्वारा नगर के ढाल चलचित्र सिवारा रोड पर लगा शनिवार का बाजार शनिवार का बाजार बड़े पैमाने पर महिलाओं का बाजार होता है जिसमें अक्सर महिलाएं अपने पसंद की चूड़ी चप्पल वस्त्र आदि खरीदारी करती दिखाई देती हैं शनिवार का बाजार में काफी दूर-दूर से लोग खरीदारी को आते हैं क्षेत्र ठाकुरद्वारा के गांव गांव से चप्पल चूड़ी कपड़ा सोल जर्सी आदि की खरीदारी करने महिलाएं बड़े पैमाने पर दिखाई देती हैं यह बाजार हाईवे रोड तिकोनिया पार्क कदिर तिराहा से लेकर कमालपुर रोड तक लगता है हाईवे रोड पर अक्सर बड़े वाहन 10 तेरा डंपर ट्रैक्टर ट्रॉली आदि रोड से गुजरते हैं लंबे समय से बाजार मैं बड़े वाहनों के कारण जाम भी लग जाता है जिसमें खरीदारी को लेकर आई महिलाएं उनके साथ छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे भी साथ आते हैं जिससे यह डर बना रहता है कब रोड पर घटना दुर्घटना का रूप ना ले ले पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है जाम को हटवाने को लेकर लेकिन प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद भी जाम हटता दिखाई नहीं देता जिसमें अक्सर बड़े वाहनों के वजह से नगर में ई रिक्शा चालक बाइक सवार ऑटो नगर में पैदल चलने वाले अक्सर बड़े वाहन की चपेट में आकर घटना दुर्घटना ग्रस्त मृत्यु तक का शिकार हो जाते हैं उधर मुरादाबाद रोड में बड़े-बड़े गड्ढे गड्ढों के कारण आए दिन हो रही हैं घटनाएं

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Lessons from the blast

The incident in Bhagalpur is not only sad but also shameful. The more condemned the people responsible for the accident, the less it will be. There was a loud explosion in a house in Kajvalichak locality of Tatarpur police station area of ??Bhagalpur at around 12.45 pm on Thursday night, due to which a total of three houses were demolished. More than ten people died, including a woman and a child. It is said that the work of making firecrackers was going on in a house and due to the criminal mistake of one family, disaster struck many families.

The people involved in manufacturing were not aware of how dangerous the work of making firecrackers is, and due to this the scene of devastation has come to the fore. The police should go to the bottom of the accident and see what kind of firecrackers were being manufactured? What kind of chemicals were being used? How did such explosives finally reach a settlement? The district administration has suspended an inspector in this case, but can only one person be held responsible for this accident? Are we not able to understand the value of human life?

Do we not understand the seriousness of the accident? If construction was taking place without approval, then immediate action should be taken at the local level. Not only the makers of firecrackers, but also those who do illegal business of it should be caught. When there is a rule of law and order in the state, then why is there a need for such illegal construction and buying and selling? The kind of crackers that were being made here, are their customers from outside Bihar? It should be seen in detail that why Bhagalpur shook at midnight? Many injured are undergoing treatment, they should also be questioned.


It cannot happen that no one knows about the explosive material here. Are people in our country not aware of such dangers? Have we learned to turn a blind eye to the criminal activities around us? It is the responsibility of the forensic team and the intelligence police to bring out the whole truth of the accident.“Information has also come to the fore that one of the families of the victims used to make firecrackers and there has been an incident of explosion in their house earlier also. With this information, the matter becomes even more serious. How did Kajvalichak become a witness to the horrific explosion again after 14 years? In that explosion also three people were killed and many people were injured. Bhagalpur was shaken by that explosion too, but perhaps the administration did not break the sleep, so this accident happened again. Proper action would not have been taken, so the criminals and illegal businessmen got a chance to create havoc again. Police of any state, it is very important to be sensitive to such dangerous crimes or acts. Be it the case of manufacturing of firecrackers or guns or manufacturing of illicit liquor, the tendency to release the criminals should be ended by taking immediate action. If we hide any kind of crime in the society today, then we will create big dangers for our own future.

# Disha Patani had a serious head injury, had lost her memory of 6 months



Disha Patani's name is one of those few Bollywood actresses, who win everyone's heart with her acting as well as vigorous dance and bold style. Fans like every style of Disha Patani. Disha Patani is very fit and by sharing videos on social media, she also surprises the fans with her action moments. But do you know that once Disha Patani suffered a head injury, due to which she lost her memory of 6 months. Disha herself spoke to the media about this. Disha's super fit style“There are many videos on Disha Patni's Instagram account in which she is seen doing backflip, mixed martial arts, somersault and gymnastics. But during the preparation of Salman Khan starrer film Bharat, a major accident happened with Disha Patani, due to which she had to face memory loss for 6 months. Had a fall on the head - Mid Day had told in one of its reports that Disha had fallen on her head on the concrete floor during gymnastics training. Disha's injury was so serious that she had to lose her memory for the entire 6 months. Disha had also told the media that she had forgotten those 6 months of her life. Even if they want to remember, they do not remember anything. Disha's bold style- Let us tell you that Disha Patani often robs fans of applause by sharing her bikini photos on Instagram. Fans like Disha's bold style. At the same time, Disha also keeps sharing videos of her dance, gymming and gymnastics. Disha is a fitness freak and often seems to inspire fans with her fitness. Disha's film career- Disha Patani made her Bollywood debut with 'MS Dhoni: The Untold Story' (2016). Sushant Singh Rajput was seen in the role of Indian cricketer MS Dhoni in the film. After the Dhone biopic, Disha worked with Jackie Chan in the film Kung Fu Yoga (2017). Recall that before Radhe, Disha has worked with Salman Khan in the film Bharat. On the other hand, Disha will soon be seen in the films Ek Villain Returns and Yoddha.

# Radhe Shyam First Review: Many secrets of Prabhas's film revealed even before its release! Know how the climax will be



Fans are eagerly waiting for Bahubali fame actor Prabhas's film 'Radhe Shyam'. Pooja Hegde has played the female lead role in the film and the film is going to release in theaters on March 11. The makers have released 2 trailers of the film which have created a lot of buzz and it is also believed that the story of the film may be matching Titanic. Fans are quite excited about the film and now a person has released the review of the film even before its release. Dumdaar Hai First Review of the film - Overseas Censor Board member Umair Sandhu, who keeps a close eye on the industry, has seen the film 'Radhe Shyam' in the censor board. Umair Sandhu wrote a review of the film on social media, 'The first half of the film is fantastic. Very classic VFX has been used. Prabhas and Pooja Hegde's chemistry is electrifying. The secret continues. What a wonderful subject.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत इस बार मनेगा महिला दिवस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस ( 8 मार्च ) इस बार आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मनाया जाएगा । इसके उपलक्ष्य में पाँच से 11 मार्च तक जनपद स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । इसके तहत स्थानीय स्तर पर सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाली पंचायत व नगरीय स्थानीय स्वशासन की महिला प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं की उपलब्धियों, लैंगिक आधारित भेदभाव व हिंसा को खत्म करने संबंधी प्रयासों तथा महिला सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों का सोशल मीडिया कैम्पेन के जरिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग उनसे प्रेरणा ले सकें । महिला कल्याण निदेशक मनोज कुमार राय ने इस बारे में सूबे के जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर एक सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं । सप्ताह के पहले दो दिन पाँच व छह मार्च को 'ब्रेक द बायस' इवेंट का आयोजन किया जाएगा । इसके तहत सोशल मीडिया कैम्पेन के जरिए प्रदेश की ऐसी महिलाओं की कहानियों को आमजन तक पहुंचाया जाएगा जो समाज की रूढ़ियों व पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर खुद सफल जीवनयापन कर रहीं हैं और दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी हैं । सात मार्च को 'वूमन ऑफ टुमारो' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके तहत किशोरियों व महिलाओं के साथ उनकी शिक्षा व स्वावलंबन की चुनौतियों पर चर्चा आयोजित की जाएगी । यह कार्यक्रम ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विद्यालय, कालेज, विश्वविद्यालय, आंगनबाड़ी, महिला शरणालय, बालिका गृहों व संरक्षण गृहों आदि के स्तर पर आयोजित किए जाएंगे । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को मेगा इवेंट 'अनंता' का आयोजन किया जाएगा । इसके माध्यम से समाज में बदलाव के लिए प्रयासरत महिलाओं, जैसे- एंटरप्रेन्योरर, उद्यमी, समाजसेवी व समाज की रूढ़ियों व पूर्वाग्रहों से संघर्ष कर सफल जीवनयापन करने वाली महिलाओं की प्रेरक कहानियों को जनपद स्तर पर टीवी, रेडियो, एफएम, कम्युनिटी रेडियो, टाक शो, गोष्ठियों, अखबार आदि के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा । जनपद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की ऐसी महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा । नौ मार्च को 'गो पर्पल' सोशल मीडिया कैम्पेन चलाया जाएगा । इसके तहत विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों के साथ-साथ कोई भी व्यक्ति महिलाओं के प्रति सम्मान दर्शाने व लैंगिक समानता में अपनी भागीदारी निभाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर पर्पल ( बैगनी ) कपड़ों, कैप, आर्म रिस्ट बैंड के साथ वाली फ़ोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करेंगे । महिला कल्याण विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इस गतिविधि में अनिवार्य रूप से भाग लेना है । इसके लिए गो पर्पल हैशटैग का इस्तेमाल किया जा सकता है । 10 मार्च को 'हेल्थ वाच' कार्यक्रम के जरिए महिलाओं व किशोरियों की प्रमुख स्वास्थ्यगत समस्याओं और माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे । इसी क्रम में 11 मार्च को 'सुरक्षा वारियर्स' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । इसके माध्यम से सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायती राज, स्वास्थ्य, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, ग्रामीण विकास, पुलिस व महिला कल्याण विभाग के समन्वय से परिसरों, ग्रामों, कस्बों, मोहल्लों, रास्तों, क्षेत्र विशेष में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिहाज से 'जोखिम वाले स्थलों' की पहचान की जाएगी और उसके बारे में संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा । इसके अलावा इन्हीं क्षेत्रों से सुरक्षा वारियर्स के रूप में लोगों की पहचान भी की जाएगी ।

- एक हफ्ते तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम
- उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को जनपद स्तर पर किया जाएगा सम्मानित
- सोशल मीडिया कैम्पेन के जरिए महिला सशक्तिकरण के प्रयासों का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

www.knlslive.com

## जनपद में एक और शव मिलने से मचा हड़कंप पुलिस सख्ते में



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपद में लाश मिलने का सिलसिला जारी कल दो आज एक फिर मिली लाश पुलिस हैरान लगातार शव मिलने का सिलसिला जारी बीते दिनों जूता व्यवसाई का शव बालाजी मंदिर के समीप तथा हत्या कर एक युवक का शव नगला पवन के खेतों में मिला दफना थाना जलेसर क्षेत्र के अंतर्गत एक शव मिला सड़क पर पड़ा वही आज तड़के सुबह रेलवे पुल तिराहे पर चेहरा जला शव बरामद लगातार शब मिलने से जनपद में मचा हड़कंप एक के बाद एक मिल रहे शव से पुलिस प्रशासन भी हैरत में। अभी अलीगंज क्षेत्र के अंतर्गत धुमरी में भी अज्ञात लाश नाले में मिलने की मिली है सूचना

## मजदूर का सड़क के किनारे शव मिलने से फैली सनसनी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-संदिग्ध परिस्थिति में सड़क किनारे मजदूर का मिला शव, मृतक युवक ननिहाल में परिजनों के साथ रहता था, बताया जा रहा है मृतक युवक जनपद आगरा के महुआ खेड़ा गांव का निवासी बताया जा रहा है, मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी बताए जा रहे है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# मार्च माह में आयोजित होंगे महिला नसबंदी नियत दिवस- सीएमओ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एक सुखी परिवार की शुरुआत के लिए परिवार नियोजन महत्वपूर्ण कड़ी है। परिवार नियोजन साधनों को अपनाकर दंपति सुखी एवं खुशहाल जीवन निर्वाह कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता वस्वीकार्यता बढ़ाने के उद्देश्य सेएवं परिवार नियोजन साधनों की पहुंच लोगों तक बढ़ाने के लिए अंतराल दिवस, खुशहाल परिवार दिवस, परिवार कल्याण नियत सेवा दिवस आदि का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कोविड-19 के संक्रमण के कारण सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभावित हुए। जिसमें परिवार नियोजनकार्यक्रम भी है। परिवार नियोजन कार्यक्रम को गति प्रदान करने के उद्देश्य से महिला नसबंदी के नियत दिवसों का आयोजन किया जा रहा है। कोविड-19 के अनुरूप व्यवहारों का पालन करते हुए अलग-अलग दिवसों पर अलग - अलग प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर महिला नसबंदी नियत दिवसों का आयोजन कियाजाएगा। मार्च माह में महिला नसबंदी नियत दिवस 24 मार्च को ब्लॉक सकीट में, 29 मार्च को ब्लॉक अवागढ़ में, 8 व 28 मार्च को ब्लॉक जलेसर में व 8 मार्च को ही ब्लॉक मारहरा में, 25 मार्च को ब्लॉक बागवाला में प्राथमिक वसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किए जाएंगे। इन नियत दिवसों पर कोई भी इच्छुक महिला लाभार्थी केंद्र पर पहुंचकर लाभ ले सकती है। उन्होंने बताया नसबंदी के लिए सर्जन डॉ राजेश शर्मा की तैनाती की गई है। 21 मार्च को जिला चिकित्सालय में नसबंदी शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दिन कोई भी इच्छुक महिला एवं पुरुष लाभार्थी केंद्र पर पहुंचकर लाभ ले सकता है। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, एसीएमओ डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि महिला नसबंदी परिवार नियोजन का एक स्थाई साधन है। महिलाओं में नसबंदी का तरीका बहुत ही आसान व सुरक्षित है। फिर भी सावधानी के तौर पर कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। महिलाओं को नसबंदी से पहले नसबंदी की प्रक्रिया और इसके बाद होने वाले प्रभाव के बारे में पूरी जानकारी ले लेनी चाहिए। ऑपरेशन द्वारा नसबंदी के बाद इंफेक्शन का खतरा कुछ दिनों तक बना रहता है, इसलिए इस दौरान साफ-सफाई का ख्याल रखना चाहिए। किसी भी तरह की नसबंदी के बाद कुछ दिनों तक आराम करना चाहिए और भारी सामान आदि नहीं उठाना चाहिए एवं किसी भी तरह की समस्या होने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## जूता व्यवसायी अबरार हुसैन हत्याकांड का पर्दाफाश, मृतक की बहन का प्रेमी ही निकला घटना का सूत्रधार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- थाना कोतवाली नगर पुलिस, जनपदीय इंटेलिजेंस विंग तथा स्वॉट टीम द्वारा नगर क्षेत्र में हुए जूता व्यवसायी अबरार हुसैन हत्याकांड का पर्दाफाश, मृतक की बहन का प्रेमी ही निकला घटना का सूत्रधार, प्रेमिका से शादी न होने पाने के चलते की थी उसके भाई की गोली मारकर हत्या, घटना में प्रयुक्त अवैध असलहा कारतूस बरामद। घटना का विवरण - दिनांक 01.03.2022 को थाना कोतवाली नगर पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत नगला पोता निवासी अवरार हुसैन पुत्र इन्तजार हुसैन समय शाम करीब 8.00 बजे अपनी बहन की शादी के कार्ड बांटकर अपने घर लौट रहा था, रास्ते में नगला पोता दरगाह के पास अपनी मोटरसाइकिल के साथ घायल एवं बेहोशी की हालत में मिला। परिजनों द्वारा उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया। मृतक के भाई जियाउल हुसैन द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं - 120 / 22 धारा 304 भादंवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया, मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ कि मृतक की मृत्यु गोली लगने से हुई है जिसके उपरांत उक्त अभियोग धारा 302 भादवि में तरमीम किया गया। प्रयुक्त एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस व दो जिंदा कारतूस 32 बोर बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

# ग्राम छतरंग, भगवानपुर एवं अन्य पारा मजराटोला में सोलर होमेलाइट मरम्मत कर सयंत्र को कार्यशील किया गया





रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर डॉ गौरव सिंह की अगुवाई में विगत दिनों 3 मार्च 2022 को प्रशासनिक एवं पुलिस अमला द्वारा जिले के दूरस्थ क्षेत्र छतरंग में जनदर्शन सह जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में पानी समस्या, सड़क समस्या, पुल पुलिया, बिजली समस्या, सोलर लाइट सुधार कार्य, मोबाइल नेटवर्क जैसे मांग एवं समस्याओं के आवेदन ग्रामीण जनों से प्राप्त हुए थे। कलेक्टर ने शिविर के दौरान संबंधित विभाग को समस्याओं का निराकरण करने सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए थे। उसी के परिपालन में संबंधित विभाग के द्वारा स्थल पहुंचकर संबंधित कार्यों का जायजा लिया गया तथा निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जनदर्शन सह जनसंवाद शिविर में सोलर होमेलाइट सुधार कार्य ग्राम- छतरंग, भगवानपुर के ग्रामीणों ने सोलर होम लाइट सुधार की मांग की गई थी। कलेक्टर के निर्देश पर क्रेडा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने छतरंग, भगवानपुर पहुंच कर सुधार कार्य प्रारम्भ कर दिया एवं सयंत्र कार्यशील कर प्रकाश व्यवस्था भी किया जा रहा है । छतरंग, पालकेवरा, बढ़वार एवं घुड़डीह में स्थापित सौर सयंत्र भी कार्यशील है ।ग्रामीणों ने सुधार कार्य के लिए क्रेडा विभाग एवं प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# पेन्डारी जंगल में रेन्जर के मिलीभगत से बीएसएनएल कंपनी के ठेकेदारों द्वारा अवैध हो रहा नाली खुदाई

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सूरजपुर जिले के वनांचल क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के रेंजर की मिलीभगत से जंगलों में अवैध रूप से नाली खुदाई का कार्य ठेकेदारों द्वारा कराया जा रहा है। इन दिनों जोर शोर से बी एस एन एल कंपनी के ठेकेदारों द्वारा रोड के किनारे पेंडारी के जंगल में नाली का अवैध रूप से नाली खुदाई किया जा रहा है। आपको बता दूं कि पिछले कई दिनों से चांदनी क्षेत्र के जंगलों में कंपनी द्वारा अवैध रूप से वन परीक्षेत्र बिहार पुर की मिलीभगत से यह कार्य चलते आ रहा है। और जेसीबी द्वारा रोड के किनारे जंगल के जमीन पर अवैध रूप से पाइप डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों ने जेसीबी ड्राइवर से कागजात की मांग किया । कागजात ना देने की स्थिति में ग्रामीणों ने तत्काल जंगल में नाली खुदाई पर रोक लगा दिया है। बीएसएनएल कंपनी के ठेकेदारों द्वारा अपने निर्देशों का पालन ना करते हुए रोड किनारे जंगल में अवैध रूप से नाली खुदाई कर रहे हैं। इसकी सूचना ग्रामीणों ने जब वन परीक्षेत्र अधिकारी को दिया तब उन्होंने बताया कि इनका जंगल की भूमि पर खोजने का कोई अधिकार नहीं है ना ही हमारे द्वारा दिया गया है । इन तस्वीरों के माध्यम से हम दिखाना चाहते हैं कि किस तरह से नाली खुदाई किया जा रहा था। इसी तरह से महोली के जंगल एवं खैरा के जंगल पेंडारी के जंगल में ठेकेदारों द्वारा जबरन नाली खुदाई का कार्य किया जा चुका है। ज्ञात हो कि पिछले कई दिनों तक बीएसएनएल कंपनी द्वारा खुदाई करने के संबंध में वन परीक्षेत्र बिहार पुर रेंजर को सूचना मिलने पर भी कोई कार्यवाही नहीं किया जाता है। जिससे ग्रामीणों का कहना है कि रेंजर और बीएसएनएल कंपनी की मिलीभगत से अवैध रूप से यह कार्य चलाया जा रहा है।

# महुली आंगनबाड़ी भवन हो चुका है जर्जर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

## जर्जर क्षतिग्रस्त आंबा भावन में बच्चो को भेजने से घबरा रहे अभिभावक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- बिहारपुर-प्रदेश सरकार छोटे-छोटे बच्चों के अच्छे विकास, पोषण और आरंभिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी संचालित किया है, लेकिन ये नन्हे बच्चे केंद्र में सुरक्षित भी है की नहीं इस और शासन प्रशासन का ध्यान नहीं है, सुरजपुर जिले के ओडगी विकासखण्ड के पंचायत ग्राम महुली में आंगनबाड़ी भवन तो बना है लेकिन जर्जर की स्थिति में काफी दयनीय है। आपको बता दें ऐसा लगता है,की यहां ना तो कोई अधिकारी तक जायजा लेने आते हैं। क्षेत्र में शासन ने इसी तरह कई साल पहले बनाए सरकारी भवन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। संचालित करना खतरनाक है। महुली के इस आंगनबाड़ी में संचालित करना बच्चों सहित सहायिका,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जान जोखिम में डालकर बैठना पड़ता है, वैसे जिला प्रशासन एवं ग्राम पंचायत की ओर से इस आंगनवाड़ी भवन के तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे आंगनवाड़ी भवन भरभरा कर बड़ा बड़ा पत्थर जैसा गिर रहा है।कई वर्ष वित गए लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने इसकी मरम्मत नहीं कराई है। इन भवनों में कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है,इसके जिम्मेदार होगा कौन.. इस भवन की छत से टपकता है पानी लेकीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका करें भी तो क्या । पुराना होने के कारण कमजोर प्लास्टर व रोशनदान का दोनो छज्जा टूट कर झूल गई है। इस कारण अभिभावक अपने बच्चों को केन्द्र पर भेजने से डर रहे हैं। बच्चों के अभिभावकों ने बताये कि बारिश के मौसम में इसकी हालत और भी खराब हो जाती है। ऐसी हालत में केन्द्र का सुचारू रूप से संचालन एवं क्रियान्वयन करना कार्यकर्ता एवं सहायिका की मजबूरी बन गया है, तथा कोई भी संबंधित विभाग के साथ जनप्रतिनिधि इस आंगनवाड़ी पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं, आने वाले भविष्य में यदि कोई अनहोनी हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा इसका जवाब किसी के पास नहीं है।

# राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों के घर में छाया अंधेरा, सोलर होम लाइट 6 महीने से खराब, प्रशासन बना मूकदर्शक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले के निवासरत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पण्डो जनजाति के आदिवासियों का जीवन अब एक बार फिर अंधेरे में बीत रहा है। जिले के दूरस्थ अंचल चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत कोल्हुआ एवं आश्रित ग्राम भाटपारा में सोलर लाइट की व्यवस्था की गई थी, लेकिन देखरेख के अभाव में यह लाइट सिस्टम खराब हो गया है। जिसके चलते इन आदिवासियों का जीवन एक बार फिर अंधेरा हो गया है। सोलर सिस्टम खराब होने के चलते जंगली जानवर से डर बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर परीक्षा देने वाले बच्चों के भविष्य में खिलवाड़ हो रहा है जिससे क्षेत्र के पंडो जनजाति के ग्रामीणों को दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत कोलुआ में क्रेडा विभाग द्वारा दिया गया सोलर लाइट अब 80 परसेंट होम लाइट खराब हो चुका है। ग्रामीणों और सरपंच के जरिये जिला अधिकारी को सूचना दिया गया लेकिन सुधार के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व 6 महीने से होम लाइट खराब पड़ा हुआ है कोई सुधार नहीं होने के कारण हम लोग अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं और हमारे बच्चों का इस समय परीक्षा भी हो रहा है लेकिन शासन प्रशासन द्वारा हम गरीब आदिवासियों का कोई देखरेख नहीं किया जा रहा है जिससे हमारे बच्चों को अंधकार में रखने के लिए शासन-प्रशासन मजबूर किया हुआ है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com